# बिहार विधानसभा में 2.61 लाख 885 करोड़ रुपए का बजट पेश

## चर्चा में क्यों?

28 फरवरी, 2023 को बिहार विधानसभा में राज्य के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये 61 लाख 885.4 करोड़ रुपए का बजट पेश किया, जिसमें युवाओं, महिलाओं से लेकर नौकरीपेशा और राज्य की जनता के अंतिम व्यक्ति तक को लाभ पहुँचाने की बात की गई है।

## प्रमुख बिंदु

- वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बजट पेश करते हुए दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में बिहार की अर्थव्यवस्था लगभग तीन गुनी हो गई है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 2011-12 में 47 लाख करोड़ रुपए था, जो 2022-23 में बढ़कर 6.75 लाख करोड़ रुपए हो गया है।
- बिहार बजट 2023 के महत्त्वपूर्ण बिंदु:
- बिहार सरकार 10 लाख युवाओं को रोज़गार देगी। युवाओं को सरकारी नौकरी दिये जाने के अलावा स्वावलंबन और उनमें आत्मविश्वास पैदा कर रोज़गार सृजन किया जाएगा।
- खेलकूद को बढ़ावा देने के लिये राजगीर में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।
- साइकिल योजना के लिये 50 करोड़, बालिका प्रोत्साहन योजना के लिये 100 करोड़ और पोशाक के लिये 100 करोड़ दिये जाएंगे।
- नारी सशक्तीकरण योजना के लिये 60 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 10वीं पास छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिये 94 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। वहीं, पटना मेडिकल कॉलेज के लिये 5540 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।
- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वालों के लिये 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- बिहार बजट 2023 में शहरी क्षेत्र में बाइपास बनाने और ऊर्जा के क्षेत्र में 3323 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- बजट में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की योजना है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने वालों को होल्डिंग टैक्स में 5 फीसदी की छूट का प्रावधान किया गया है।
- नवाचार को बढ़ावा देने के लिये बिहार सरकार नई स्टार्ट अप नीति लेकर आएगी। कई कन्या महाविद्यालयों के निर्माण के लिये बजट में व्यवस्था की गई है।
- इसी तरह थानों में ढाँचागत सुधार किया जाएगा। इसके लिये 155 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/budget-of-rs-2-61-akh-885-crores-presented-in-bihar-assembly